**तापमान**

| | | |
|---|---|---|
| भोपाल | 23.0° | 32.0° |
| इंदौर | 22.0° | 32.0° |
| जबलपुर | 24.0° | 33.0° |
| ग्वालियर | 26.0° | 35.0° |
| सागर | 29.0° | 32.0° |

# नईदुनिया

वर्ष- 80
(भोपाल: वर्ष 41 अंक 290, पृष्ठ 12)
भाद्रपक्ष, शुक्ल सप्तमी संवत् 2083
शुक्रवार, 18 सितम्बर 2026
कीमतः 3:00 रुपये

www.naidunialive.com
भोपाल संस्करण
भोपाल एवं सागर से एकसाथ प्रकाशित




**राजधानी...** प्रदेश में स्वामित्व योजना प्रारंभ, 50 लाख लोगों को...


**खेल...** भारतीय फुटबालर दलिमा छिब्बर नोवा स्पोर्ट्स से जुड़ीं, युवा...


**व्यापार...** सर्राफा बाजार में महंगा हुआ सोना, चांदी के भाव...



**देश-विदेश...** क्षेत्रीय तनाव के बीच ईरानी राष्ट्रपति ने कहा...


# आशीर्वाद के लाखों दीपक जगमगाए

## प्रधानमंत्री मोदी का 76वां जन्मदिन देशभर में उत्साह से मना

**नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का गुरुवार को 76वां जन्मदिन देशभर में उत्साह से मनाया गया। सेवा-संकल्प अभियान के तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। प्रधानमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पश्चिम बंगाल के कार्यक्रम में हिस्सा लिया और अन्नपूर्णा योजना की किस्त जारी की। उन्होंने कहा कि बंगाल के लोगों को लंबे समय तक केंद्र की योजनाओं का लाभ नहीं मिल पाया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने वडनगर से वाराणसी के लिए करीब 1300 किलोमीटर लंबी बाइक रैली को रवाना किया। इसमें करीब 600 बाइकर्स, 10 राज्य और 193 जिले शामिल होंगे। रैली का समापन सात अक्टूबर को होगा।

**रोशनी से नहाए शिप्रा के घाट...**





मुख्यमंत्री ने आशीर्वाद का दीया जलाया

**प्रधानमंत्री का चित्र बनाया**



### महाकाल महालोक में कुल 33 लाख दीये एक साथ प्रज्जवलित किए गए

**अभय धर्मे, उज्जैन:** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन, प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल एवं प्रदेश प्रभारी महेंद्र सिंघी ने शिप्रा नदी के रामघाट पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस पर आशीर्वाद के दीपक जलाकर सेवा संकल्प अभियान का शुभारंभ किया। जैसे ही मुख्यमंत्री ने आशीर्वाद के दीये का प्रज्जवलन किया ठीक उसी समय हजारों वॉलिंटियर्स ने एक साथ शिप्रा नदी के दोनों तटों पर सजाए गए मिट्टी के 25 लाख दीयों का प्रज्जवलन किया। महाकाल महालोक को मिलाकर कुल 33 लाख द्वीप प्रज्जवलन का रिकॉर्ड बनाया। शिप्रा तट एवं अन्य स्थान पर द्वीप प्रज्जवलन कार्य मात्र 3 मिनट के समय में किया गया । मुख्यमंत्री और अतिथियों ने रामघाट पर सजाए गए दीपों का प्रज्वलन करके वॉलिंटियर का साथ दिया।

#### शिप्रा आरती में शामिल

मुख्यमंत्री डॉ. यादव, राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री नबीन, प्रदेश अध्यक्ष श्री हेमंत खंडेलवाल, प्रदेश प्रभारी श्री महेंद्र सिंघी शिप्रा आरती में शामिल हुए तथा मां शिप्रा की आराधना की।

#### तट रोशनी में नहाए

जैसे ही आशीर्वाद का दीया प्रज्जवलित होता है एक सायरन की आवाज होती है। 25000 वॉलिंटियर्स इसी सायरन का इंतजार कर रहे थे। शिप्रा तट पर एवं महाकाल महालोक में तुरंत एक साथ सभी 33 लाख दीयों के प्रज्ज्वलन की कार्रवाई शुरू हुई । जगमग हुए घाट और प्रज्जवलित हुए लाखों दीप मानों श्री मोदी के जन्म दिवस पर प्रधानमंत्री द्वारा राष्ट्र निर्माण और राष्ट्र भक्ति की सेवा के लिए किये गए विगत 25 वर्षों के कार्यों के प्रति आदर और स्नेह की रोशनी फैला रहे थे।

### प्रदेशभर में 3.55 करोड़ दीये जलाए बना विश्व रिकॉर्ड

*नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपाल: प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर मध्य प्रदेश में सेवा संकल्प अभियान का भव्य शुभारंभ किया गया। प्रदेश के सभी जिलों और 845 प्रमुख स्थानों पर एक साथ 3 करोड़ 55 लाख दीये प्रज्ज्वलित किए गए। उज्जैन में शिप्रा नदी के घाटों और महाकाल महालोक में 33 लाख 27 हजार दीये एक साथ जलाए गए, जिससे विश्व रिकॉर्ड बनाया गया। दीप प्रज्ज्वलन के बाद शिप्रा के घाट रोशनी से जगमगा उठे। रामघाट, दत्त अखाड़ा, केदारेश्वर घाट, सुनहरी घाट और भूखी माता घाट सहित महाकाल महालोक में दीपोत्सव आयोजित किया गया। प्रदेश के प्रमुख स्थानों पर भी दीप प्रज्ज्वलन हुआ। ग्वालियर, शिवपुरी, गुना, दतिया, इंदौर, भोपाल, बैतूल, सागर, रीवा, जबलपुर, उज्जैन सहित विभिन्न जिलों के चयनित स्थानों को दीपों से सजाया गया। बैतूल में 144, श्योपुर कला में 80 और भोपाल में 21 प्रमुख स्थानों पर दीप प्रज्ज्वलित किए गए। सेवा संकल्प अभियान के तहत आयोजित इस दीपोत्सव में प्रदेशभर में बड़ी संख्या में नागरिक शामिल हुए।*

## खास-खबरें

### दो आतंकियों को मार गिराया

**नईदुनिया ब्यूरो, श्रीनगर :** जम्मू-कश्मीर के उधमपुर जिले के मजालता इलाके में सुरक्षाबलों ने बुधवार रात दो आतंकियों को मार गिराया। आतंकियों के छिपे होने की सूचना मिलने के बाद सुरक्षाबलों ने तलाशी अभियान शुरू किया था। जम्मू-कश्मीर पुलिस के अनुसार, मारे गए आतंकियों की पहचान सद्दाम और मुस्तफा के रूप में हुई है। दोनों पाकिस्तानी नागरिक थे और जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े थे। उनके पास से एक एके असॉल्ट राइफल, चार मैगजीन, एम4 कार्बाइन, तीन मैगजीन, एक ग्लॉक पिस्तौल, दो मैगजीन और चार ग्रेनेड बरामद किए गए। इलाके में अन्य आतंकियों की तलाश के लिए अभियान जारी है। इस साल जम्मू-कश्मीर में अब तक 15 आतंकी मारे जा चुके हैं। इस दौरान दो सुरक्षाकर्मी शहीद हुए हैं, जबकि तीन नागरिकों की भी मौत हुई है।

### बांग्लादेश में गंभीर बिजली संकट

**ढाका, एजेंसी:** बांग्लादेश इन दिनों 20 साल के सबसे गंभीर बिजली संकट से जूझ रहा है। कई इलाकों में रोजाना घंटों बिजली कटौती हो रही है। बारिशाल के एक अस्पताल में बैकअप जनरेटर का डीजल खत्म होने के बाद नर्सों को मोबाइल की टॉर्च की रोशनी में मरीजों की देखभाल करनी पड़ी। इस समय देश में करीब 3000 से 3500 मेगावाट बिजली की कमी है। संकट के बीच भारत से तत्काल अतिरिक्त बिजली मिलने की संभावना भी कम है। भारत पहले ही बांग्लादेश को 2656 मेगावाट से अधिक बिजली दे रहा है। अतिरिक्त आपूर्ति के लिए भारत को अपनी उत्पादन क्षमता और पारेषण व्यवस्था की उपलब्धता का आकलन करना होगा।

### डूबने से छह बच्चों सहित 12 की मौत

**नईदुनिया ब्यूरो, भुवनेश्वर :** ओडिशा में बुधवार को छह अलग-अलग घटनाओं में डूबने से 12 लोगों की मौत हो गई। मृतकों में छह बच्चे भी शामिल हैं। पुलिस के अनुसार, ज्यादातर हादसे गणेश प्रतिमा विसर्जन के दौरान हुए। घटनाएं जगतसिंहपुर, सुंदरगढ़, गंजाम, भद्रक और कोरापुट जिलों में हुईं। जगतसिंहपुर जिले में गणेश प्रतिमा विसर्जन के दौरान चार युवक नदी के तेज बहाव में बह गए। सूचना मिलने पर अग्निशमन दल के जवानों ने तलाशी अभियान चलाकर चारों के शव बरामद किए। मृतकों की पहचान मनोजित स्वैन, स्वप्नजीत बारिक, रश्मिरंजन नायक और जगन्नाथ पालेई के रूप में हुई है।

**मुख्य सचिव से मांगी विस्तृत रिपोर्ट**

## मणिपुर के राहत शिविरों में 25 मौतों पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

**सभी मामलों में प्राथमिकी और जांच के निर्देश**

**नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्ली:** मणिपुर के राहत शिविरों में हुई संदिग्ध मौतों और यौन उत्पीड़न के मामलों पर सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को चिंता जताई। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति वी. मोहना की पीठ ने राज्य के मुख्य सचिव से 25 संदिग्ध मौतों की विस्तृत रिपोर्ट मांगी। इसमें पोस्टमार्टम रिपोर्ट और मौत के कारणों से जुड़े दस्तावेज भी शामिल हैं।

अदालत के समक्ष रखी गई जानकारी के अनुसार, आठ जिलों के राहत शिविरों में 640 मौतें दर्ज



की गई हैं। इनमें केवल 20 मामलों में पोस्टमार्टम कराया गया। अदालत ने बाकी मामलों में जांच और पोस्टमार्टम नहीं होने पर सवाल उठाया। मणिपुर राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण को सभी संदिग्ध मौतों में प्राथमिकी दर्ज कराने और जांच तेजी से पूरी कराने के निर्देश दिए गए।

सुनवाई के दौरान बताया गया कि आठ जिलों में 42 विशेष जांच दल 3,020 मामलों की जांच कर रहे हैं।

इनमें 302 मामलों में आरोपपत्र दाखिल किए जा चुके हैं, जबकि 1,135 मामलों की जांच जारी है। 33 मामलों में सुनवाई शुरू हो चुकी है।

### अधिकारी की मेज पर छोड़े आवारा कुत्ते

**नईदुनिया ब्यूरो, नासिक:** महाराष्ट्र के नासिक जिले में आवारा कुत्तों की समस्या को लेकर प्रदर्शनकारियों ने अनोखे तरीके से विरोध जताया। युवा सेना (यूबीटी) के कार्यकर्ता तीन बोरियों में कुत्तों के बच्चों को भरकर निफाड़ नगर पंचायत के मुख्य अधिकारी धीरज भामरे के कार्यालय पहुंचे। प्रदर्शनकारियों ने कार्यालय में बोरियां खोलकर कुत्तों को अधिकारी की मेज पर छोड़ दिया। अचानक कुत्तों को मेज पर देखकर अधिकारी भी चौंक गए। प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन पर आवारा कुत्तों की समस्या को लेकर शिकायतों के बावजूद कार्रवाई नहीं करने का आरोप लगाया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने कार्यालय में हंगामा भी किया।

## तमिलनाडु में हिंदी पढ़ाने सोच बदलने की जरूरतः सुप्रीम कोर्ट

**कोर्ट ने कहा- चेन्नई और दिल्ली एक-दूसरे से अलग नहीं हो सकते**

**नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्ली:** तमिलनाडु में नवोदय विद्यालयों की स्थापना से जुड़े मामले की सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को हिंदी को लेकर राज्य सरकार की नीति पर टिप्पणी की। न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और न्यायमूर्ति एजी मसीह की पीठ ने कहा कि ऐसा नहीं हो सकता कि तमिलनाडु की धरती पर हिंदी नहीं पढ़ाई जाए। अदालत ने राज्य सरकार से अपनी सोच में बदलाव करने को कहा और चेन्नई तथा



दिल्ली को एक-दूसरे से अलग नहीं करने की बात कही। मामला तमिलनाडु के प्रत्येक जिले में जवाहर नवोदय विद्यालय स्थापित करने से जुड़ा है। राज्य सरकार ने मद्रास हाई कोर्ट के आदेश को चुनौती दी है। राज्य की आपत्ति मुख्य रूप से नवोदय विद्यालयों की तीन-भाषा व्यवस्था को लेकर है, जबकि तमिलनाडु में दो-भाषा नीति लागू है। सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकार को प्रत्येक जिले में नवोदय विद्यालय के लिए उपयुक्त जमीन चिह्नित करने के अपने पहले के निर्देश का पालन करने को कहा।

### चंद्रशेखरन 2032 तक टाटा संस के चेयरमैन



**नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्ली:** टाटा संस के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन का कार्यकाल 2032 तक बढ़ा दिया गया है। टाटा संस लिमिटेड के बोर्ड ने गुरुवार को उनके नए कार्यकाल को मंजूरी दी। उनका मौजूदा कार्यकाल फरवरी 2027 में समाप्त होना था। चंद्रशेखरन ने 12 अगस्त 2026 को इस्तीफा दिया था। इसके पीछे नोएल टाटा से मतभेद और ट्रस्ट में खींचतान को वजह बताया गया था। कार्यकाल बढ़ाने के फैसले को अब वार्षिक आम बैठक में मंजूरी मिलना बाकी है। टाटा ट्रस्ट की कंपनी में 66 प्रतिशत हिस्सेदारी है। ट्रस्ट बोर्ड सदस्य नोएल टाटा फैसले के खिलाफ हैं, जबकि वेणु श्रीनिवासन ने चंद्रशेखरन की दोबारा नियुक्ति का समर्थन किया है। कंपनी को शेयर बाजार में सूचीबद्ध करने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है।

## हिमाचल और जम्मू-कश्मीर में सीजन की पहली बर्फबारी

**▸▸ रोहतांग-मनाली में डेढ़ इंच तक बर्फ गिरी, गुरेज घाटी में भी बदला मौसम**

**नईदुनिया ब्यूरो, शिमला:** हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर में गुरुवार को सीजन की पहली बर्फबारी हुई। हिमाचल प्रदेश में रोहतांग, भरमौर और मनाली के पहाड़ी क्षेत्रों में सुबह करीब एक से डेढ़ इंच बर्फ गिरी।

इन क्षेत्रों में सामान्य तौर पर 15 अक्टूबर के आसपास हिमपात शुरू होता है, लेकिन इस बार करीब एक महीने पहले ही बर्फबारी हो गई।



जम्मू-कश्मीर के बांदीपोरा जिले की गुरेज घाटी में भी गुरुवार को बर्फबारी हुई। अचानक बदले मौसम से ऊंचाई वाले इलाकों में ठंड बढ़ गई है। उत्तराखंड के केदारनाथ, हेमकुंड साहिब और चमोली में भी ओलों के साथ हल्की बर्फबारी हुई। देहरादून में गुरुवार सुबह तेज बारिश दर्ज की गई। वहीं, पिथौरागढ़ में आदि कैलाश यात्रा मार्ग पर दोबारा भूस्खलन हुआ। इससे यात्रा मार्ग प्रभावित हुआ है। पहाड़ी क्षेत्रों में मौसम में आए इस बदलाव के कारण ऊंचाई वाले इलाकों में तापमान में गिरावट दर्ज की गई है।

### आज वायुसेना को मिलेंगे तेजस और एचटीटी-40

**नईदुनिया ब्यूरो, बेंगलुरु:** हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) 18 सितंबर को भारतीय वायुसेना को एलसीए तेजस के दो ट्विन-सीटर प्रशिक्षक विमान और एचटीटी-40 बेसिक ट्रेनर विमान सौंपेगा। बेंगलुरु में होने वाले समारोह में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और नागरिक उड्डयन मंत्री के. राममोहन नायडू मौजूद रहेंगे। तेजस के दोनों विमान फाइनल ऑपरेशनल क्लियरेंस विन्यास में हैं। ये मूल 40 विमानों के आदेश के तहत तैयार किए गए अंतिम दो ट्विन-सीटर विमान हैं। इनसे वायुसेना के लड़ाकू पायलटों को प्रशिक्षण देने में मदद मिलेगी। एचटीटी-40 स्वदेशी टर्बोप्रॉप प्रशिक्षक विमान है।

## 15 बार असफलता के बाद पास की यूपीएससी परीक्षा

**नईदुनिया ब्यूरो, कानपुर:** कानपुर के पूर्व नौसेना सेलर मयंक सचान ने कई असफल प्रयासों के बाद संघ लोक सेवा आयोग की केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल परीक्षा में सफलता हासिल की है। मयंक ने 15 से अधिक बार विभिन्न सरकारी परीक्षाओं में असफलता का सामना किया, लेकिन उन्होंने तैयारी जारी रखी। इसके बाद उन्होंने यूपीएससी सीएपीएफ परीक्षा उत्तीर्ण की। मयंक ने नौसेना में करीब 15 वर्ष तक सेवा की। सेवा के दौरान भी उन्होंने प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी जारी रखी। उनकी उम्र 38 वर्ष है। लंबे समय तक असफल होने के बावजूद उन्होंने प्रयास करना नहीं छोड़ा। आखिरकार केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल परीक्षा में उनका चयन हुआ। मयंक की सफलता की कहानी में



नौसेना की सेवा के साथ प्रतियोगी परीक्षाओं की लगातार तैयारी शामिल रही। उन्होंने बार-बार मिली असफलताओं के बावजूद अपनी तैयारी और लक्ष्य को जारी रखा। कई प्रयासों के बाद मिली इस सफलता से उन्होंने दिखाया कि उम्र और लगातार असफलताएं प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी में रुकावट नहीं बननी चाहिए। उनका चयन केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल में अधिकारी के रूप में हुआ है।

## भारत ने अफगानिस्तान को 127 रन से हराकर सीरीज 3-0 से जीती

**▸▸ अभिषेक शर्मा ने 34 गेंदों पर 108 रन बनाए, सैमसन की अर्धशतकीय पारी; नीतीश-बिश्नोई को तीन-तीन विकेट**

**नईदुनिया ब्यूरो, नईदिल्ली:** भारत ने तीसरे टी-20 मुकाबले में अफगानिस्तान को 127 रन से हराकर तीन मैचों की सीरीज 3-0 से अपने नाम कर ली। दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में सात विकेट पर 221 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी अफगानिस्तान की टीम 14.1 ओवर में 94 रन पर ऑलआउट हो गई। भारत की जीत के प्रमुख नायक अभिषेक शर्मा रहे। उन्होंने 34 गेंदों पर 108 रन की तूफानी पारी खेली। उनकी पारी में नौ चौके और 11 छक्के शामिल रहे। संजू सैमसन ने भी 35 गेंदों पर 50 रन बनाए। दोनों बल्लेबाजों ने पहले विकेट के लिए 59 गेंदों में 142 रन की साझेदारी कर भारत को मजबूत शुरुआत दिलाई। अफगानिस्तान की ओर से इब्राहिम जादरान ने 25 और अजमतुल्लाह उमरजई ने 17 रन बनाए। भारतीय गेंदबाजी में नीतीश कुमार रेड्डी और रवि बिश्नोई ने तीन-तीन विकेट लिए। अक्षर पटेल को दो विकेट मिले, जबकि जसप्रीत बुमराह और यश ठाकुर ने एक-एक विकेट हासिल किया। मैच में अभिषेक शर्मा ने एक और रिकॉर्ड अपने नाम किया।

**सेहत** | *सेहतः स्वस्थ खान-पान और सक्रिय जीवनशैली को लंबी उम्र की प्रमुख वजह बताया...*

## जापान में पहली बार 1.07 लाख लोग 100 साल के पार

**टोक्यो, एजेंसी :** जापान में 100 वर्ष या उससे अधिक उम्र के लोगों की संख्या पहली बार एक लाख के आंकड़े को पार कर गई है। स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, देश में अब 1,07,677 लोग 100 वर्ष या उससे अधिक उम्र के हैं। इनमें 94,300 महिलाएं और 13,400 पुरुष हैं। पिछले वर्ष की तुलना में ऐसे लोगों की संख्या करीब आठ हजार बढ़ी है।

विशेषज्ञों के अनुसार, जापान में लंबी उम्र के पीछे स्वस्थ खान-पान, रोजमर्रा की जिंदगी में सक्रिय रहना, सस्ती स्वास्थ्य व्यवस्था और नियमित स्वास्थ्य जांच जैसी वजहें महत्वपूर्ण हैं। महिलाओं की संख्या अधिक होने के पीछे जीवनशैली के साथ ऐतिहासिक कारण भी बताए जाते हैं। द्वितीय विश्वयुद्ध में बड़ी संख्या में पुरुषों की मौत हुई थी, जिससे उस पीढ़ी में महिलाओं का अनुपात बढ़ा।

निगाता प्रांत के ओसोनोगो गांव में रहने वाले तेत्सुओ सातो भी 100 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों में शामिल हैं। 107 वर्ष के सातो आज भी कई काम खुद करने की कोशिश करते हैं। वह पुराने कैलेंडर और रैपिंग पेपर से नोटबुक बनाते हैं और अपने युद्धकालीन अनुभवों की कहानियां सुनाते हैं। अब उनका लक्ष्य 110 वर्ष तक जीना है। दूसरी ओर,



जापान की घटती आबादी चिंता का विषय बनी हुई है। सरकारी अनुमान के अनुसार 2070 तक देश की आबादी करीब 8.7 करोड़ रह सकती है। 2020 से 2025 के बीच जापान की आबादी 31 लाख कम हुई। 2025 में देश के 47 में से 45 प्रांतों की आबादी घटी। ग्रामीण क्षेत्रों में युवा पढ़ाई और रोजगार के लिए बड़े शहरों की ओर जा रहे हैं। कई गांवों में स्कूल बंद हो रहे हैं और कुछ बंद स्कूलों को नर्सिंग होम तथा सामुदायिक केंद्रों में बदला जा रहा है।

लाखों घर खाली पड़े हैं और कुछ क्षेत्रों में अस्पताल तथा सरकारी सेवाओं का दायरा भी घट रहा है। इसके विपरीत टोक्यो महानगरीय क्षेत्र की आबादी बढ़ रही है। 2025 में यहां करीब 3.7 करोड़ लोग रह रहे थे। आबादी में गिरावट से निपटने के लिए विदेशियों को अधिक संख्या में काम और रहने की अनुमति देने पर भी बहस जारी है।